बांग्लादेश एक बार फिर बेलगाम

विहिप और बजरंग दल का देश के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली, 23 दिसंबर. विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने बांग्लादेश में हिन्दू युवक की पीट-पीटकर हुई हत्या के विरोध में मंगलवार को बंगलादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया.

वहीं देश भर के कई राज्यों में बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं पर हो रहे अत्त्याचार खिलाफ जबरदस्त आक्रोश है. कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु और दिल्ली समेत कई बड़े शहरों में मोहम्मद यूनुस के खिलाफ बंगलादेश देश के साथ अब भारत के लोगों में भी आक्रोश उबलने लगा है. मंगलवार के दिन विरोध प्रदर्शनों हो रहे हैं. जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने जम्मू में प्रदर्शन कर बांग्लादेश में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या की घटना की कड़ी निंदा की. वकीलों ने इसे मानवाधिकारों पर गंभीर हमला बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की. उन्होंने अपील की कि या तो बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए या उन्हें सुरक्षित रूप से भारत लाया जाए. प्रदर्शनकारियों ने जम्मू से अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या शरणार्थियों को बाहर निकालने की भी मांग की.

तनाव कम करें : रूस

ढाका, 22 दिसंबर. बंगलादेश में रूसी राजदूत अलेक्जेंडर जी ने सोमवार को बंगलादेश और भारत दोनों देशों से उनके बीच जारी तनाव को और बढने से रोकने का रास्ता खोजने का आग्रह किया. ढाका में रूसी दूतावास में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री खोजिन ने कहा कि बंगलादेश के आगामी राष्ट्रीय चुनाव से पहले एक अनुकूल वातावरण बनाया जाना चाहिए और भारत के साथ तनाव कम करना आवश्यक है. ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, उन्होंने आगे कहा कि जितनी जल्दी दोनों देशों के बीच तनाव कम हो जाए, उतना ही अच्छा है.

वीजा घोटाले में कार्ति के खिलाफ आरोप तय

नई दिल्ली, 23 दिसंबर. राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम और उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट एस. भास्कररामन के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच किए जा रहे कथित चीनी वीज़ा रैकेट मामले में आरोप तय किए.

अदालत ने भास्कररामन पर मामले से संबंधित महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने का भी आरोप लगाया. दोनों आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया, जिसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई 16 जनवरी को तय की. सीबीआई ने विकास मखारिया को सरकारी गवाह का दर्जा दे दिया है, जिनसे अभियोजन पक्ष के मामले में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है. सीबीआई की एफआईआर के अनुसार, पंजाब के मानसा स्थित एक निजी कंपनी (तलवंडी साबो पावर लिमिटेड) ने कथित तौर पर चीनी नागरिकों के लिए वीजा जारी करवाने में मदद के लिए बिचौलियों के माध्यम से 50 लाख रुपये का भुगतान किया. यह कंपनी 1,980 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट स्थापित कर रही थी, जिसका निर्माण कार्य एक चीनी कंपनी को आउटसोर्स किया था.

> परियोजना में देरी होने के कारण, कंपनी ने कथित तौर पर गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित वीजा सीमा से अधिक चीनी पेशेवरों को लाने की कोशिश की. सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि इन प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए कंपनी के प्रतिनिधियों ने सहयोगियों के माध्यम से चेन्नई स्थित एक व्यक्ति से संपर्क किया. आरोप है कि चीनी अधिकारियों को पहले दिए गए 263 प्रोजेक्ट वीजा का पुन- उपयोग करने की योजना बनाई, जिससे गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित सीमा को प्रभावी ढंग से दरकिनार किया जा सके. वीजा के पुन: उपयोग की मंजूरी के लिए गृह मंत्रालय को एक अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया.

चाऊमीन-मोमोस खाने से छात्रा की मौत

अमरोहा, 23 दिसंबर. चाऊमीन, मैगी, पिज्जा और बर्गर जैसे फास्ट फूड का बढ़ता चलन अब जानलेवा साबित होने लगा है. अमरोहा में फास्ट फूड खाने की आदत 11वीं कक्षा की छात्रा की मौत की वजह बन गई. ज्यादा फास्ट फूड के सेवन से छात्रा की आंतों में छेद हो गया, जिसके बाद इलाज के दौरान दिल्ली एम्स में उसकी मौत हो गई. इस घटना ने न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है. मृतक छात्रा अहाना (16) अमरोहा नगर के मोहल्ला अफगानान निवासी किसान मंसूर खान की बेटी थी. परिवार में मां सारा खान, एक बेटा और दो बेटियां हैं. अहाना सबसे छोटी बेटी थी और शहर के हाशमी गर्ल्स इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की

पूर्व पीएम चरण सिंह वंचित वर्गों के उत्थान के प्रति रहे समर्पित

▶ किसानों के नेता को देश के नेताओं ने किया याद

नईदिल्ली, 23 दिसंबर. पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर देश ने किसान नेता को श्रद्धापूर्वक याद किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें नमन किया.

नेताओं ने चौधरी चरण सिंह को किसानों का सच्चा मसीहा बताते हुए कहा कि उन्होंने कृषि, गांव और वंचित वर्गों के उत्थान को जीवन का लक्ष्य बनाया. उनका योगदान राष्ट्र निर्माण और किसान हितों में सदैव स्मरणीय रहेगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है.

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किसानों के अधिकारों के लिये हमेशा आगे रहने वाले नेता के रूप में उनकी प्रशंसा की. श्री खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश की समृद्धि का रास्ता हमारे गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है.

> गृह मंत्री अमित ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी को जयंती किया नमन पूर्व प्रधानमंत्री, महान किसान नेता, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती पर नमन करता हूँ. चौधरी चरण सिंह जी का जीवन कृषि व्यवस्था के उत्थान, किसानों के कल्याण और समाजसेवा को समर्पित रहा था. उन्होंने किसान और किसानी को शासन के केंद्र में स्थापित करने का साहसिक कार्य किया. आपातकाल और तानाशाही सत्ता को उखाड़ फेंकने में भी उनकी बड़ी भूमिका रही थी. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है और कहा है कि डबल इंजन की सरकार उनकी प्रेरणा से किसानों के हित में काम कर रही है.

भारत श्रीलंका को 45 करोड़ डॉलर देगा

कोलंबो में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने प्रतिबद्धता जताई

कोलंबो, 23 दिसंबर. विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कोलंबो में श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की और चक्रवात दितवाह के बाद प्रधानमंत्री व भारत की एकजुटता का संदेश पहुंचाया.

> प्रधानमंत्री मोदी के विशेष दूत के रूप में श्री जयशंकर ने कहा कि भारत इस बात को पूरी तरह स्वीकार करता है कि यह आपदा उस समय आई जब श्रीलंका 2022 के आर्थिक संकट से उभर रहा था. उन्होंने राष्ट्रपति दिशानायके को प्रधानमंत्री का एक पत्र सौंपा, जिसमें सहायता पैकेज का विवरण था, जिसमें 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर की रियायती रिण और 10 करोड अमेरिकी डॉलर का अनुदान शामिल हैं. एस जयशंकर ने ऑपरेशन सागर बंधु के तहत भारत की त्वरित राहत कार्रवाई का उल्लेख किया जिसमें नौसेना जहाजों, 80 सदस्यीय एनडीआरएफ टीम, चिकित्सा कर्मियों, आपात देखभाल इकाइयों की तैनाती और कनेक्टिविटी बहाल करने के लिए बेली ब्रिज का निर्माण शामिल था.



एस जयशंकर ने घोषणा की कि ऑपरेशन सागर बंधु के तहत भारत पहले प्रतिक्रियाकर्ता देश की भूमिका निभाते हुए श्रीलंका को 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर का पुनर्निर्माण पैकेज देगा. जयशंकर ने कहा कि यह सहायता सड़क, रेलवे और पुल संपर्क मार्ग के पुनर्वास एवं बहाली, पूरी तरह नष्ट और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों का निर्माण, चक्रवात से प्रभावित स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों को समर्थन, कृषि को अल्पकालिक और मध्यम स्तर की सहायता तथा आपदा प्रतिक्रिया और तैयारी को मजबूत करने के उपायों को समाहित करेगी. उन्होंने कहा, भारत श्रीलंका के साथ दृढ़ता से खड़ा है, हमारी सभ्यतागत संबंधों पर निर्माण करते हुए, नेबरहुड फर्स्ट और विजन महासागर. विदेश मंत्री ने श्रीलंकाई प्रधानमंत्री हरिणी अमरसूर्या से भी मुलाकात कर इसे अच्छी बैठक बताते हुए चक्रवात दितवाह के बाद श्रीलंका के पुनर्निर्माण प्रयासों में भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की.

किसान का संघर्ष ही भारत की पहचान

▶ अरविंद केजरीवाल ने पूर्व पीएम चरण सिंह को किया याद

नई दिल्ली 23 दिसंबर. किसान दिवस किसान दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश के किसानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की है.

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक भावुक संदेश साझा करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन किया. केजरीवाल ने अपने संदेश में किसान को भारत की असली ताकत बताते हुए कहा कि अन्नदाता की मेहनत, पसीना और संघर्ष के दम पर ही देश आगे बढ़ता है. उन्होंने लिखा कि किसान केवल अन्न पैदा नहीं करता, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, संस्कृति और आत्मनिर्भरता की नींव भी मजबूत करता है. चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन किसानों, खेतों और गांवों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया.

> किसान हितों की राजनीति को राष्ट्रीय मंच पर लाने वाले चरण सिंह आज भी करोड़ों किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं. केजरीवाल की यह पोस्ट ऐसे समय में आई है जब किसान मुद्दे एक बार फिर देश की राजनीति के केंद्र में हैं. उनके संदेश को किसान संगठनों और आम लोगों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है. उन्होंने कहा कि किसान की मेहनत और संघर्ष ही भारत की असली ताकत है। केजरीवाल ने लिखा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन किसान, खेत और गांव के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया और वे सच्चे अर्थों में किसान नेता थे।

आईएएस अधिकारी निरंजन दास गिरफ्तार

नई दिल्ली, 23 दिसंबर. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आईएएस अधिकारी निरंजन दास को गिरफ्तार कर लिया। दास को रायपुर स्थित धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें ईडी की तीन दिन की हिरासत में भेज दिया गया. ईडी ने छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित एसीबी/ईओडब्ल्यू द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी.

कफ सिरप मामले में चार के खिलाफ लुकआउट नोटिस

वाराणसी, 23 दिसंबर. उत्तर प्रदेश में कोडीन कफ सिरप मामले में मास्टर माइंड शुभम जायसवाल की धर पकड़ के लिये वाराणसी पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया है. पुलिस ने बताया कि सोमवार को शुभम जायसवाल समेत चार आरोपियों के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस द्वारा लुकआउट नोटिस जारी किया गया है. शुभम के साथ दिवेश जायसवाल, अमित जायसवाल और आकाश पाठक पर वित्तीय धोखाधड़ी, एनडीपीएस अधिनियम समेत कई मुकदमे दर्ज हैं. आदमपुर थाना क्षेत्र के प्रहलाद घाट निवासी शुभम जायसवाल को सोनभद्र, जौनपुर, चंदौली और वाराणसी पुलिस काफी दिनों से तलाश रही है. कोडीन युक्त प्रतिबंधित सिरप मामले को लेकर विधानसभा में भी जोरदार बहस देखने को मिली है.

प्रौद्योगिकी में निपुण विशेषज्ञों की जरूरत

▶ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आईबी के शताब्दी व्याख्यान में कहा

नई दिल्ली 23 दिसम्बर. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गैर पारंपरिक और डिजिटल चुनौतियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद जटिल खतरा बताते हुए कहा है कि इनसे निपटने के लिए बड़ी संख्या में प्रौद्योगिकी में निपुण विशेषज्ञों की जरूरत है.

राष्ट्रपति ने आर्थिक निवेश और विकास के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था को जरूरी शर्त बताया है और कहा कि लोगों के कल्याण और सार्वजनिक भागीदारी को रणनीति के केंद्र में रखकर नागरिकों को खुफिया जानकारी और सुरक्षा के प्रभावी स्रोत के रूप में विकसित किया जाना चाहिए. श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां खुफिया ब्यूरो (आईबी) के शताब्दी व्याख्यान में जन-केंद्रित राष्ट्रीय सुरक्षा- विकसित भारत के निर्माण में सामुदायिक भागीदारी विषय पर बोलते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि स्वतंत्रता के बाद से खुफिया ब्यूरो लोगों को सुरक्षा प्रदान करने तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है.

> उन्होंने कहा कि सजग नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा में लगी सरकारी एजेंसियों को प्रभावी सहयोग प्रदान कर सकते हैं. उन्होंने कहा, जब नागरिक समुदाय के रूप में संगठित होते हैं, तो वे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी सरकारी पहलों को सशक्त समर्थन दे सकते हैं. हमारे संविधान में नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख है, जिनमें से कई राष्ट्रीय सुरक्षा के व्यापक आयामों से जुड़े हैं. विद्यार्थी, शिक्षक, मीडिया, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, सिविल सोसायटी संगठन और अन्य समुदाय इन कर्तव्यों का प्रचार-प्रसार कर सकते हैं.

पेज एक का शेष

चार उपाध्यक्ष बनाने की तैयारी में कांग्रेस

बल्कि इसके तहत संगठन को और धारदार व जवाबदेह बनाने का प्रयास किया जाएगा. चर्चा है कि सांगठनिक अनुभव प्राप्त कर चुके अपेक्षाकृत युवा नेताओं को उपाध्यक्ष बनाकर पार्टी रणनीतिकार युवा मतदाताओं के बीच सार्थक संदेश देते हुए उन्हें पुन: कांग्रेसी विचारधारा के साथ जोडने का प्रयास करेंगे. सूत्रों की मानें तो पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, दिग्विजय सिंह, कमलनाथ, पृथ्वीराज चौहान, भूपेन्द्र हुड्डा, भूपेश बघेल तथा वी नारायण सामी के साथ-साथ पार्टी महासचिव सचिन पायलट, पूर्व पार्टी महासचिव तारिक अनवर जैसे वरिष्ठ नेताओं के नाम में से ही किसी चार को पार्टी उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है. सूत्रों की मानें तो बहुस्तरीय चुनावों में लगातार पराजय सामना कर रही पार्टी ने अपने परंपरागत रणनीति में सुधारात्मक बदलाव करने की तैयारी आरंभ कर दी है. पार्टी रणनीतिकारों द्वारा संगठन सृजन के माध्यम से जहां एक तरफ जमीनी स्तर तक मजबूत संगठन तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर चुनावी लडाई में बेहतर परिणाम पाने के उदेश्य से उम्मीदवारों के चयन प्रक्रिया और प्रचार नीति में व्यापक बदलाव किया जाएगा.

उक्त रणनीति को अमलीजामा पहनाने के लिए चुनावी रणनीतिकारों व विश्लेषकों की टीम से बहुस्तरीय जानकारी इकट्ठा कर पार्टी रणनीतिकार अपने स्तर से समीक्षा कर इसे पार्टी की कार्यशैली में शामिल करने की रणनीति बना रहे हैं.

कार्यालय नगर परिषद् देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना (म0प्र0)

क्रमांक/2004/ लो.नि.शा./ई - निविदा/2025 — देवेन्द्रनगर दिनांक- 23/12/25

ई - निविदा आमंत्रण - सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in देखा जा सकता है।

क.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा आमंत्रण	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा क्रय करने की तिथि करने की एवं अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6	7
1	2025_UAD _470236_1	Const. of Shopping complex Block D at Sabji mandi (Self- Financed Scheme)	Time : 6 Months PAC Rs : 7255818	Frist Call	Tender Form: 10000.00 EMD: Rs. 54418.00	24.12.2025 10:30 AM To 26.01.2026 05:30 PM
2	2025_UAD 470256_1	Const. of Teen shade for vegetable market at sabji mandi (Self-Financed Scheme)	Time : 6 Months PAC Rs : 3370845	Frist Call	Tender Form: 5000.00 EMD: Rs. 25281.00	24.12.2025 10:30 AM To 26.01.2026 05:30 PM

नोट- 1- यह कार्य स्ववित्त पोषित योजनांतर्गत किया जाना है दुकानों की नीलामी राशि प्राप्त होने पर ही ठेकेदार को भुगतान किया जावेगा ।

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद देवेन्द्रनगर जिला - पन्ना (न0प्र0)

कार्यालय नगर परिषद न्यूरामनगर जिला मैहर (म.प्र.)

Email Id-cmonewramnagar@mpurban.gov.in

क./2786 / न0प0/ ई0निविदा/राजस्व/2025 — न्यूरामनगर दिनांक 19/12/2025

निविदा आमंत्रण-सूचना

इस विज्ञप्ति द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद न्यू रामनगर द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेंडरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाइन निविदाएं www.mptenders.gov.in पर पंजीकृत ठेकेदार ई-टेंडरिंग के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य की ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्त व जानकारी कार्यालय में किसी भी कार्यालीन समय में देखी जा सकती है। एवं ऑनलाइन पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदा में किसी प्रकार का संसोधन की स्थिति में संसोधन का प्रकाशन www.mptenders.gov.in पर किया जावेगा समाचार पत्र में किसी भी प्रकार की कोई विज्ञप्ति नहीं दी जावेगी।

क्र0	टेंडर नं.	कार्य नाम एवं विवरण	निविदा फार्म शुल्क	धरोहर राशि	निविदा जिसके ऊपर भरी जाना है	निविदा समय अवधि
01	2025_UAD_ 470301_1	SDMF मद अंतर्गत आरसीसी नाला निर्माण कार्य वार्ड क्र.06 साकेत बस्ती से वार्ड 05 मेला ग्राउंड	10000/-	69104/-	9213915/-	30 दिवस

उक्त निविदा दिनांक 23/12/025 को सुबह 10.00 बजे से दिनांक 07/01/2026 समय शाम 5.30 तक बेवसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर प्राप्त हो सकेगी। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य जानकारी बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी प्रकार का संसोधन केवल बेवसाईट पर देखा जा सकता है।

(लखन लाल ताम्रकार)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद न्यू रामनगर जिला मैहर (म.प्र.)

कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग सतना (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 31/2025-26 सतना, दिनांक 19.12.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर ई.डी. क्रमांक	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्यपूर्ण करने समयावधि	कार्य की अनुमानित राशि	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र की लागत
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2025_PWDRB _469815_1	उपसंभाग सतना अंतर्गत जिला न्यायालय के मालखाना सतना मे स्ट्रांग रूम का निर्माण कार्य।	प्रथम	01 माह वर्षाकाल सहित	302553.30	6100.00	2000.00
		योग-			302553.30		

उपरोक्त वेबसाइट में आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनॅलाइन बिड सबमीशन की अंतिम दिनांक 05.01.2026 सायं 6.00 बजे तक निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी., एनएक्सर एच., शपथपत्र, बिड की रसीद एवं अन्य दस्तावेज केवल आनॅलाइन भाध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
(भ/स) संभाग सतना (म.प्र.)

G-23165/25

कार्यालय कलेक्टर जिला मैहर (म0प्र0) एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

//अधिसूचना//

भू-अर्जन प्र0क्र0 अ 82/25-26 पत्र क्र. 208/ भू-अर्जन / 2025 दि. 11/12/2025

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अत: सही भूमि अधिग्रहण पुर्नवास 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार उसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने 5 में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है। साथ ही अधिनियम की धारा 11 (4) के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के लिए प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	अर्जनीय रकवा (हे.में.) लगभग		
1	2	3	4	5	6
मैहर	अमरपाटन	धतुई	2.6320 हे.	कार्यपालन यंत्री,नर्मदा विकास संभाग अमरपाटन अ.मु.मैहर जिला मैहर (म.प्र.)	रीवा शाखा नहर अंतर्गत धतुई माइनर नहर के निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) कार्यालय कलेक्टर (भू अर्जन शाखा) मैहर के कार्यालय में देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(रानी वाटड)
कलेक्टर, जिला मैहर (म0प्र0)
एवं पदेन उप सचिव म0प्र0 शासन राजस्व विभाग

G-23187/25

कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 5332/न.पा.नि./राजस्व/2025-26 रीवा, दिनांक 23/12/2025

अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की व्यावसायिक योजना न्यास कालोनी सिरमौर चौराहा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित जूनियर एम.आई.जी भवन क्रमांक 5 क्षेत्रफल 1424.19 वर्गफिट डा. अरूण कुमार मिश्रा एवं श्रीमती रजनी मिश्रा को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, जिसका नामान्तरण डा. नवीन कुमार मिश्रा पिता स्व. श्री अरूण कुमार मिश्रा निवासी अरूणोदय निराला नगर रीवा मध्य प्रदेश के नाम किये जाने हेतु दिनांक 13.10.2025 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है.

उक्त जूनियर एम.आई.जी भवन क्रमांक 5 के नामान्तरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है. निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी. तत्पश्चात आवेदिका श्रीमती रजनी मिश्रा पति डा. अरूण कुमार मिश्रा निवासी अरूणोदय निराला नगर रीवा (म.प्र) के आवेदन अनुसार जूनियर एम.आई.जी भवन क्रमांक 5 का नामान्तरण डा. नवीन कुमार मिश्रा पिता स्व. श्री अरूण कुमार मिश्रा निवासी अरूणोदय निराला नगर रीवा (म.प्र) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी.

उपायुक्त (राजस्व)
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र)

निविदा विज्ञप्ति

ग्राम वन समिति हीरापुर छतैनी, उत्तर वन मंडल पन्ना के अंतर्गत अनुमानित 11925 बांस भिर्रो की सफाई/कटाई का कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिसकी खुली बोली स्थल ग्राम हरदी बीट गार्ड आवास हरदी में दिनांक 26-12-2025 को प्रात: 11:00 बजे आयोजित की जानी है।

उक्त कार्य करने हेतु इच्छुक आवेदक बांस भिर्रा सफाई/कटाई कार्य का अनुभव रखने वाले अनुभव दस्तावेजों सहित बीट गार्ड आवास हरदी मे दिनांक 26-12-2025 को प्रात: 11:00 बजे आमंत्रित हैं।

अध्यक्ष
ग्राम वन समिति हीरापुर छतैनी

नाम सुधार सूचना

मै सभापति पाल पिता श्री रामसोहावन पाल उम्र 34 वर्ष निवासी सहिजना कोठार तह.उचेहरा जिला सतना म.प्र. आधार कार्ड नं.719460580470 का होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मेरा ड्राईविंग लाइसेंस बना है जिसका पंजीयन क्रमांक MP19N-2017-0206203 है जिसमें मेरा नाम सभापति गडारी दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड में सभापति पाल दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है. अत: मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में दर्ज नाम सभापति गडारी के स्थान पर आधार कार्ड के अनुसार सभापति पाल दर्ज किया जाए जो सत्य एवं सही है. सभापति गडारी और सभापति पाल दोनों नाम एक ही व्यक्ति के यानी मेरे ही है. अलग-अलग नहीं है.

नाम सुधार सूचना

मै दिनेश आदिवासी पिता श्री रामखेलावन आदिवासी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम हिनौता पो. रामवन तह. रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. आधार कार्ड नं.652534168412 का होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मेरा ड्राईविंग लाइसेंस बना है जिसका पंजीयन क्रमांक MP19D-2020-0253260 है जिसमें त्रुटिवस मेरा नाम दिनेश कुमार आदिवासी (Dinesh Kumar Adivasi) एवं जन्म तिथि 01.12.1990 दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड व अन्य दस्तावेजों में दिनेश आदिवासी (Dinesh Adivasi) एवं जन्मतिथि 01.01.1993 दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है जिसे मेरे ड्राइविंग लाईसेंस में दर्ज किया जाए.

न्यायालय, आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, श्रम न्यायालय सतना म0प्र0

प्रकरण कमांक 61/2025 डब्लू सी वि0
शांति बाई साकेत व अन्य
- बनाम-
कुलदीप व अन्य

सूचना-पत्र

उपरोक्त प्रकरण में आपको / सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक स्व. जय किशन अनावेदक कुलदीप त्रिपाठी के बुलेरो वाहन में चालक के कार्य के दौरान दिनांक 13.11.23 को दुर्घटना में मृत्यु हो गई है व नियोक्ता बीमा कम्पनी द्वारा लोक अदालत में हुए समझौते अनुसार रु. 823800 मृतक के आश्रितों में वितरण के लिए जमा कराया है।

उपरोक्त प्रकरण में क्षतिपूर्ति धन के वितरण हेतु सुनवाई दिनांक 28.01.2026 को नियत की गई है।

अत: जो व्यक्ति/आप कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम की धारा 2 डी के अंतर्गत मृतक के आश्रित हों तो वह सुनवाई दिनांक 28.01.2026 को ठीक 11.00 बजे उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र एवं साक्ष्य नियमानुसार प्रस्तुत करें।

मृतक के आश्रित होने के प्रमाण हेतु स्थानीय मजिस्ट्रेट कलेक्टर या किसी शासकीय विज्ञप्ति अधिकारी द्वारा स्वयं का चित्र सत्यापित करवाकर पहचान हेतु प्रस्तुत करें।

यदि हो तो मृतक के नाबालिग बच्चों को भी साथ ले आवे। साथ ही मृतक के आश्रित का स्थानीय पंचायत या नगर पालिका का प्रमाण पत्र एवं दो गवाह भी ले आवे।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 23.12.25 को जारी किया गया।

अदालत की मुद्रा

अभिषे